पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## प्रधानमंत्री ने कानपुर में लगभग 47,600 करोड़ रु0 लागत की 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

**कानपुर मेट्रो के द्वितीय चरण का शुभारम्भ तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया**

**ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इण्डिया की ताकत देखी, यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली : प्रधानमंत्री**

**उ0प्र0 डिफेंस सेक्टर में भारत की आत्मनिर्भरता में बड़ी भूमिका निभा रहा**

**उ0प्र0 और कानपुर को विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता**

**कानपुर मेट्रो इस बात का प्रमाण कि अगर सही इरादों, मजबूत इच्छाशक्ति और नेक नियत वाली सरकार हो, तो देश और प्रदेश के विकास के लिए कैसे ईमानदारी से प्रयास होते**

**उ0प्र0 आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में बहुत आगे निकल रहा**

**शीघ्र ही कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से लखनऊ का सफर मात्र 40–45 मिनट में पूरा होगा**

**उ0प्र0 के 150 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा**

**मेक इन इण्डिया के लिए मिशन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गयी, कानपुर जैसे शहरों को इसका बहुत लाभ मिलेगा**

**प्रधानमंत्री जी ने विगत 11 वर्षों में देश में सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी द्वारा उ0प्र0 को ऊर्जा, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जल प्रबन्धन और कनेक्टिविटी से जुड़ी अनेक परियोजनाओं की सौगात**

**प्रदेश में विगत 08 वर्षों में लगभग 25,000 मे0वा0 विद्युत उत्पादन हो रहा, वर्ष के अन्त तक लगभग 4,000 मेगावॉट की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता विकसित होने जा रही**

**भारत की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश के दुश्मनों को सर्जिकल स्ट्राइक फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर द्वारा जवाब दिया गया**

**ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री जी द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारम्भ किये गये मेक इन इण्डिया अभियान की ताकत का एहसास दुनिया को कराता**

**पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से उ0प्र0 में अब तक 1.31 लाख घर जुड़े**

**लखनऊ : 30 मई, 2025**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इण्डिया की ताकत देखी है। ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के

घर में घुसकर तबाही मचाई है। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो, यह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए तो जरूरी है ही, यह देश के आत्म सम्मान के लिए भी उतना ही जरूरी है। यह पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि यह डिफेंस सेक्टर में भारत की आत्मनिर्भरता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री की भांति 07 ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री को बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया गया है। आज उत्तर प्रदेश देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केन्द्र है।

प्रधानमंत्री जी आज चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में लगभग 47,600 करोड़ रुपये लागत की 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सम्मिलित हुए।

प्रधानमंत्री जी ने कार्यक्रम स्थल से नयागंज मेट्रो स्टेशन पर खड़ी मेट्रो रेल को हरी झण्डी दिखाकर कानपुर मेट्रो के द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया। उन्होंने आयुष्मान भारत वय वन्दन योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह को प्रतीकात्मक चेक तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किये। बिठूर के माटीकला कारीगरों ने आई0आई0टी0 कानपुर के सहयोग से निर्मित उत्पाद प्रधानमंत्री जी को भेंट किया।

लोकार्पित 12 परियोजनाओं में पनकी, जवाहरपुर, ओबरा–सी, खुर्जा तथा घाटमपुर तापीय परियोजना, बिठूर विधान सभा क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र के आवासीय/अनावासीय भवन, पनकी धाम क्षेत्र में 02 फ्लाईओवर, बिनगवां में 40 एम0एल0डी0 क्षमता का ट्रीटमेन्ट प्लाण्ट, जनपद गौतमबुद्धनगर में 132 के0वी0 के 02 विद्युत उपकेन्द्र शामिल है। शिलान्यास की गयी 03 परियोजनाओं में जनपद गौतमबुद्धनगर में 220 के0वी0 क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र तथा कानपुर के गौरिया–पाली मार्ग व डिफेंस कॉरिडोर के अन्तर्गत प्रयागराज हाईवे स्थित नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए कानपुर डिफेंस नोड तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य सम्मिलित हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कानपुर में यह कार्यक्रम 24 अप्रैल, 2025 को होने वाला था, लेकिन पहलगाम हमले के कारण उन्हें अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम के कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशान्या की पीड़ा और कष्ट तथा उनके भीतर का आक्रोश हमने महसूस किया। वही आक्रोश 'ऑपरेशन सिन्दूर' के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। उत्तर प्रदेश में अमेठी में ए0के0–203 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता उत्तर प्रदेश है। भविष्य में कानपुर और उत्तर प्रदेश भारत को डिफेंस का बड़ा एक्सपोर्टर बनाने में

सबसे आगे रहेंगे। यहाँ नई फैक्ट्रियां लगेंगी। यहाँ बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और कानपुर को विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। यह तभी होगा, जब यहाँ उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और कानपुर का पुराना गौरव फिर से लौटेगा। राज्य की औद्योगिक प्रगति के लिए दो सबसे जरूरी शर्तें हैं, पहली– ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, यानी बिजली सप्लाई और दूसरी–इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी। आज यहाँ 660 मेगावॉट के पनकी, 660 मेगावॉट के नेवेली, 1,320 मेगावॉट के जवाहरपुर, 660 मेगावॉट के ओबरा–सी तथा 660 मेगावॉट के खुर्जा पावर प्लाण्ट का लोकार्पण हुआ है। यह उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत बड़ा कदम है। इन पावर प्लांट्स के बाद राज्य में बिजली की उपलब्धता और बढ़ेगी तथा यहां के उद्योगों को भी गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज 47 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। यह परियोजनाएं कानपुर और उत्तर प्रदेश की प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। आज केन्द्र और प्रदेश सरकार आधुनिक और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए काम कर रही हैं। इसी का परिणाम है कि कानपुर में भी बड़े–बड़े मेट्रो सिटीज जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाएं एवं संसाधन दिखने लगे हैं। अब आज कानपुर मेट्रो की ऑरेंज लाइन, कानपुर सेन्ट्रल तक पहुंच गयी है। एलीवेटेड और अण्डरग्राउण्ड, हर तरह का मेट्रो नेटवर्क कानपुर के महत्वपूर्ण इलाकों को जोड़ रहा है। कानपुर मेट्रो इस बात का प्रमाण है कि अगर सही इरादों, मजबूत इच्छाशक्ति और नेक नियत वाली सरकार हो, तो देश और प्रदेश के विकास के लिए कैसे ईमानदारी से प्रयास होते हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पहले लोग यह सोचते थे कि कानपुर के चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नयागंज, कानपुर सेन्ट्रल जैसी भीड़–भाड़ वाली जगहों, संकरी सड़कों की समस्या एवं आधुनिक इनफ्रास्ट्रक्चर और प्लानिंग की कमी से यहाँ मेट्रो के कार्य किस प्रकार होंगे। कानपुर और उत्तर प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहर विकास की दौड़ से बाहर थे। इससे ट्रैफिक की समस्या बढ़ती गयी और शहर की रफ्तार कम होती चली गई। आज कानपुर सहित उत्तर प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कानपुर व्यापार का बड़ा केन्द्र है। मेट्रो के कारण यहां के व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए नवीन मार्केट और बड़ा चौराहा पहुंचना आसान हो जाएगा। कानपुर आने–जाने वाले लोगों, आई0आई0टी0 के स्टूडेंट्स तथा अन्य लोगों के लिए सेण्ट्रल रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में बहुत समय बचेगा। शहर की गति ही शहर की प्रगति बनती है। यह सुविधाएं, कनेक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट की आधुनिक फैसिलिटी आज उत्तर प्रदेश के आधुनिक विकास की नई तस्वीर बन रही हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में बहुत आगे निकल रहा है। जिस प्रदेश की पहचान टूटी–फूटी सड़कों और

गड्ढों से होती थी, वह प्रदेश अब एक्सप्रेसवेज के नेटवर्क के लिए जाना जाता है। जिस प्रदेश में लोग शाम के बाद बाहर जाने से बचते थे, वहाँ अब हाइवे पर हर समय लोग यात्रा करते हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कुछ ही दिनों में कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से लखनऊ का सफर मात्र 40–45 मिनट में पूरा होने वाला है। लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से सीधे कनेक्टिविटी मिलेगी। कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस–वे को गंगा एक्सप्रेस–वे से भी जोड़ा जाएगा। इससे पूर्व और पश्चिम, दोनों तरफ जाने के लिए दूरी और समय दोनों बचेगा। कानपुर के लोगों के लिए फर्रुखाबाद–अनवरगंज सेक्शन में सिंगल–लाइन से समस्या होती रही है। यहां कई रेलवे क्रॉसिंग थीं। अब यहां एक हजार करोड़ रुपये व्यय करके एलीवेटेड रेल कॉरिडोर बनने जा रहा है। इससे यहां ट्रैफिक सुधरेगा, स्पीड बढ़ेगी और प्रदूषण कम होगा तथा कानपुर के लोगों का समय भी बचेगा।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कानपुर सेण्ट्रल रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करके विश्वस्तरीय स्वरूप दिया जा रहा है। कुछ समय में ही कानपुर सेण्ट्रल रेलवे स्टेशन भी एयरपोर्ट की तरह आधुनिक और विश्वस्तरीय नजर आएगा। हमारी सरकार उत्तर प्रदेश के 150 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित कर रही है। उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश अब हाइवे, रेलवे और एयरवे सहित हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को औद्योगिक सम्भावनाओं का राज्य बना रहे हैं। इस साल के बजट में हमने मेक इन इण्डिया के लिए मिशन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा की है। इसके तहत स्थानीय उद्योगों एवं उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। कानपुर जैसे शहरों को इसका बहुत लाभ मिलेगा। कानपुर के औद्योगिक सामर्थ्य में सबसे बड़ा योगदान यहाँ के एम0एस0एम0ई0 उद्यमों का होता था। आज हम यहां के लघु उद्योगों की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कुछ समय पहले तक एम0एस0एम0ई0 का दायरा बहुत कम था। हमारी सरकार ने एम0एस0एम0ई0 को नई ऊंचाइयां प्रदान की। लघु उद्योगों के टर्नओवर और स्केल की सीमा बढ़ायी गयी। इस बजट में सरकार ने एक बार फिर एम0एस0एम0ई0 के दायरे को और बढ़ाते हुए उन्हें और भी छूट दी है। आज युवा अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं, तो उन्हें मुद्रा योजना के जरिए तुरन्त पूंजी मिल जाती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को आर्थिक मजबूती देने के लिए हमने क्रेडिट गारण्टी स्कीम चलाई है।

इस साल के बजट में एम0एस0एम0ई0 लोन पर गारण्टी को बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है। एम0एस0एम0ई0 के लिए 05 लाख रुपये तक की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं। हम यहां पर नए उद्योगों, विशेषकर एम0एस0एम0ई0 के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। इसके लिए प्रक्रियाओं को सरल किया जा रहा है। कानपुर के पारम्परिक चमड़ा और होजरी उद्योगों को 'एक जनपद एक उत्पाद' जैसी

योजनाओं के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। इन प्रयासों का लाभ कानपुर के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों को मिलेगा।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेश का एक अभूतपूर्व और सुरक्षित माहौल बना है। गरीब कल्याण की योजनाओं को पारदर्शिता से जमीन पर उतारा जा रहा है। मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए सरकार उनके साथ खड़ी है। इस बजट में हमने 12 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स फ्री कर दिया है। इससे करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों में नया विश्वास जगा है और उन्हें नई ताकत मिली है। हम सेवा और विकास के इस संकल्प के साथ इसी तरह तेजी से आगे बढ़ेंगे। हम उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश को नई ऊंचाई पर लेकर जाने के लिए मेहनत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विगत 11 वर्षों में देश में सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है। आज उसकी एक झलक कानपुर में एक साथ 47,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर हम सभी को देखने को मिल रही है। आज प्रधानमंत्री जी द्वारा ऊर्जा, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जल प्रबन्धन और कनेक्टिविटी सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक परियोजनाओं की सौगात दी गई है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में यह परियोजनाएं कानपुर के माध्यम से उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की दिशा में एक नया कदम है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन परियोजनाओं में कानपुर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए मेट्रो रेल के द्वितीय चरण के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। प्रधानमंत्री जी ने दिसम्बर, 2021 में आई0आई0टी0 से मोती झील तक कानपुर मेट्रो के प्रथम चरण का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री जी ने कानपुर को मेट्रो रेल की सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक नए उदाहरण को प्रस्तुत कर रहा है। वर्ष 2017 के पहले जिस उत्तर प्रदेश में मात्र 15,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन होता था, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आज उसी प्रदेश में विगत 08 वर्षों में लगभग 25,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन हो रहा है। इस वर्ष के अन्त तक लगभग 4,000 मेगावॉट की अतिरिक्त थर्मल पावर की उत्पादन क्षमता प्रदेश में विकसित होने जा रही है।

आज एक साथ प्रधानमंत्री जी द्वारा कानपुर के पनकी व घाटमपुर, एटा के जवाहरपुर, सोनभद्र के ओबरा और बुलन्दशहर के खुर्जा में 05 थर्मल पावर प्लाण्ट का उद्घाटन हुआ है। यह सभी नये भारत के नये उत्तर प्रदेश की उस तस्वीर को प्रस्तुत करते हैं, जो प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने माँ गंगा के तट पर स्थित प्रदेश की औद्योगिक नगरी के रूप में विख्यात रहे कानपुर की क्रान्ति धरा पर प्रधानमंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरान्त उनका उत्तर प्रदेश की धरती पर आज प्रथम आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत की शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, देश के दुश्मनों को पहले सर्जिकल स्ट्राइक फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाब दिया गया है। भारत की नई रक्षा नीति के अन्तर्गत दुश्मन देश के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया तथा भारत की सुरक्षा को पुख्ता किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री जी द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारम्भ किये गये मेक इन इण्डिया अभियान की ताकत का एहसास भी दुनिया को कराता है। जिसे इस ऑपरेशन के माध्यम से पूरे विश्व ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। प्रधानमंत्री जी ने ऑपरेशन सिंदूर को न्याय का एक अटूट संकल्प बताया है। यह हर भारतीय के दिल की भावना और देश के दृढ़ निश्चय को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन पर हर भारतवासी गौरव की अनुभूति करता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 01 लाख 21 हजार से अधिक मजरों के विद्युतीकरण किये जाने और 01 करोड़ 78 लाख गरीब परिवारों को निःशुल्क विद्युत के कनेक्शन उपलब्ध कराने में भी सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री जी द्वारा पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली की महत्वपूर्ण योजना को आगे बढ़ाया गया है। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में अब तक 01 लाख 31 हजार घरों को रूफटॉप सोलर से बिजली की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराने के अभिनव कार्य से जोड़ा गया है। 11 लाख परिवारों को पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से जोड़ने का प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। इतने आवेदन प्रदेश में अभी से आ चुके हैं। यह योजना आमजन को अत्यधिक आकर्षित कर रही है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं श्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, एम0एस0एम0ई0 मंत्री राकेश सचान, ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री अजीत पाल, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री श्री सोमेन्द्र तोमर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

————

***PN-CM-PM Visit Kanpur-Lokarpan & Shilanyas-30 May, 2025***